मीरजापुर पुलिस
—प्रेस नोट—

दिनांकः18.01.2025

थाना राजगढ़ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम हिनौता हनुमान मंदिर से दानपेटिका का ताला तोड़कर पैसो की चोरी करने के अभियोग से सम्बन्धित 03 अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी की धनराशि ₹ 2116/- नगद बरामद —

थाना राजगढ़ जनपद मीरजापुर पर आज दिनांकः18.01.2025 को वादी पारसनाथ पुत्र स्व0रुपनारायण निवासी हिनौता दरवान थाना राजगढ़ जनपद मीरजापुर द्वारा अज्ञात के विरूद्ध हिनौता प्राचीन हनुमान मंदिर से दानपेटिका का ताला तोड़कर नकदी चोरी करने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी। उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना राजगढ़ पर मु0अ0सं0-11/2025 धारा 305 बीएनएस अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "सोमेन बर्मा" द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में अभियुक्तों की य़थाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु थाना प्रभारी राजगढ़ को निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के क्रम में आज दिनांकः18.01.2025 को उप-निरीक्षक राम किशोर मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना राजगढ़ क्षेत्र से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 03 अभियुक्तों 1.मनोज 2.मनीष व 3.पिंटू भारती को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से चोरी की धनराशि ₹ 2116/-नगद बरामद किया गया तथा अभियुक्त मनोज के कब्जे से एक अदद नाजायज चाकू बरामद हुआ जिसके सम्बन्ध में थाना राजगढ़ पर मु0अ0सं0-12/2025 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तो को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण —

1.मनोज पुत्र लवकुश चमार निवासी ददरा थाना राजगढ़ जनपद मीरजापुर, उम्र करीब-20 वर्ष।
2.मनीष पुत्र रामविलाश निवासी ददरा थाना राजगढ़ जनपद मीरजापुर, उम्र करीब-19 वर्ष।
3.पिंटू भारती पुत्र कृपाराम भारती निवासी ददरा थाना राजगढ़ जनपद मीरजापुर, उम्र करीब-18 वर्ष।

विवरण बरामदगी —

चोरी की धनराशि ₹ 2116/- नगद(मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित).
एक अदद नाजायज चाकू (अभियुक्त मनोज उपरोक्त के कब्जे से).

पंजीकृत अभियोग—

1.मु0अ0सं0-11/2025 धारा 305,317(2) बीएनएस थाना राजगढ़ जनपद मीरजापुर।
2.मु0अ0सं0-12/2025 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना राजगढ़ जनपद मीरजापुर।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय —

ब्लाक तिराहा ग्राम ददरा के पास से, आज दिनांकः18.01.2025 को समय 12.50 बजे।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

उप-निरीक्षक राम किशोर, थाना राजगढ़ मय पुलिस टीम।